महिलाओं का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान...

मंत्री विजय शाह को तुरंत बर्खास्त करें – गजेन्द्र सिंह सोलंकी

खंडवा मध्यप्रदेश सरकार के वन मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना में पदस्थ कर्नल सुफ़िया कुरैशी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी ने प्रदेश भर में आक्रोश फैला दिया है। मंत्री विजय शाह ने कर्नल सुफ़िया कुरैशी को 'आतंकवादियों की बहन' बताते हुए यह शर्मनाक दावा किया कि 'मोदी जी ने उन्हीं की बहन को आतंकवादियों को मारने भेजा है।' यह बयान न केवल भारतीय सेना का अपमान है, बल्कि महिलाओं के सम्मान के भी खिलाफ है।

इस शर्मनाक टिप्पणी के विरोध में किसान कॉंग्रेस प्रदेश महासचिव एवं जिला कॉंग्रेस खंडवा ग्रामीण महामंत्री श्री गजेन्द्र सिंह सोलंकी (बड़नगर) के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने थाना धनगाँव में एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया और जोरदार नारेबाजी की – 'विजय शाह मुर्दाबाद' तथा 'भारत माता की जय' के गगनभेदी नारों के साथ मंत्री के विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने हेतु शिकायती ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर श्री सोलंकी ने कहा, सेना की बहादुर बेटियों के प्रति अपमानजनक भाषा भाजपा की मानसिकता को उजागर करती है। यह बयान न केवल सेना का अपमान है, बल्कि राष्ट्र विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री मोहन यादव को अविलंब विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करना चाहिए तथा प्रधानमंत्री को इस बयान की निंदा करनी चाहिए। कांग्रेस पार्टी यह स्पष्ट करती है कि महिलाओं और सेना के सम्मान पर किसी भी प्रकार का आघात सहन नहीं किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में कॉंग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता योगेश पटेल, भैयालाल पटेल, नरेंद्र खाटरिया, नारायण पटेल, जितू वर्मा, नईम मलिक, अशोक सेन, शोकत हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

उड़नखटोला ग्रुप के राकेश पाराशर की माताजी का निधन

खंडवा उड़नखटोला ग्रुप के सहपाठी राकेश पाराशर की माताजी 93 वर्षिय श्रीमती कावेरीबाई मांगीलाल पाराशर का आज सुबह निधन हो गया । वे शिक्षा विभाग के प्रधानपाठक स्व. मांगीलाल पाराशर की धर्मपत्नी थी । आज अपरान्ह 5 बजे उनके निज निवास से अत्येष्टी हरीशचन्द्र मुक्ति धाम पर ले जा कर मुखाग्नि छोटे पुत्र राकेश पाराशर द्वारा दी गई । उड़नखटोला ग्रुप के अमरजीत सिंह सलूजा,आनंद जोशी, रक्षेश राजवैद्य, सुनील कुलकर्णी, पीनेंद्र गुप्ता, संजय पाराशर, किशोर दशोरे,गजराज व्यास , संजय पगारे, जयराम संगतवानी,अशोक नावाणी, अशोक बजाज आदि ने उपस्थित हो कर शोक व्यक्त किया ।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत मो. अकरम का पक्के मकान का सपना हुआ पूरा

खंडवा। जनपद पंचायत खालवा का ग्राम कालाआमकलां ब्लॉक मुख्यालय से 9 कि.मी. की दूरी पर है, जहाँ निवासरत मो. अकरम रूबाव खां, निवासी ग्राम कालाआमकलां, तहसील खालवा, खण्डवा (म.प्र.) अपने परिवार सहित कच्चे एवं टूटे फूटे मकान में निवास करते थे। उनका सपना था कि उनका भी पक्का मकान हो, किन्तु आर्थिक परिस्थिति ऐसी नहीं थी कि वे अपना मकान निर्माण कर सकें। अन्य योजनाओं के दायरे में भी नहीं आने से शासकीय सहायता मिलना नामुमकिन सा हो गया था, किन्तु म.प्र. शासन द्वारा जैसे ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) लागू की, तो श्री अकरम के लिए एक आशा की किरण जागृत हुई। उन्होंने योजना की अधिक जानकारी के संबंध में ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत कार्यालय खालवा में संपर्क किया एवं आवश्यक औपचारिकता पूरी की गई। जिसके पश्चात योजनान्तर्गत वर्ष 2021-22 में प्रकरण स्वीकृत होकर आज अकरम रूबाव खां का पक्का मकान बन जाने का सपना पूरा हो गया और वे अपने परिवार सहित खुशहाली से उसमें निवास करने लगे। उन्होंने बताया कि मैं निर्धन व मजदूरी पेशा होने के चलते कभी सोच भी नहीं सकता था कि इतना सुंदर घर अपने जीवन में बना पाऊंगा। उन्होंने बताया कि आज वे अपने पूरे परिवार के साथ अपने घर में अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने हमारा घर प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत निर्माण कराया है, उससे हमारा जीवन स्तर ही बदल गया है और हम अपने बच्चों के साथ बहुत खुशहाली से जीवन गुजार रहे हैं। इसके लिए मैं सरकार का जीवन भर आभारी रहूंगा।

स्वास्थ्य टीम की तत्परता से बची गोंडवाड़ी निवासी गर्भवति शशि की जान

खंडवा। विकासखण्ड पंधाना के ग्राम गोंडवाड़ी निवासी गर्भवति महिला श्रीमति शशि पति मनीष अपने गर्भवस्था के अंतिम माह में होते हुए हाईरिस्क की श्रेणी में चिन्हांकित थी। शशि का ब्लड प्रेशर हाई होने के साथ ही वह प्रथम बार गर्भवती हुई थी। जिस कारण ग्राम की सी.एच.ओ., ए.एन.एम. एवं आशा ने उसे भर्ती होकर प्रसव कराने की समझाइश दी, परन्तु घर में वैवाहिक आयोजन होने के कारण वह और उनके पति श्री मनीष प्रसव कराने के लिए तैयार नहीं थे। स्वास्थ्य टीम द्वारा शशि का काउंसलिंग कर उन्हें प्रसव कराने के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उनका सिजेरियन प्रसव हुआ। जच्चा-बच्चा अब खतरे से बाहर हैं। शशि के पति श्री मनीष ने कहा कि गाँव की सी.एच.ओ. दीदी, एएनएम दीदी और आशा दीदी ने समय पर समझाया और प्रसव कराया, नहीं तो हम समस्या में आ सकते थे। उन्होंने सभी का धन्यवाद दिया।

एच.आइ.वी. की जागरुकता के लिए 15 मई से 3 जून तक ग्राम स्तर पर होगा इंटीग्रेटेड हेल्थ कैम्प

खंडवा। शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2030 तक एच.आई.वी. संक्रमण को रोकने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके लिए जनसामान्य एवं उच्च जोखिम समूहों में एच.आइ.वी. की जांच की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाली सभी यूनिटों के सहयोग से जिले की स्वास्थ्य संस्थाओं में 15 मई से 3 जून तक इंटीग्रेटेड हेल्थ कैम्प लगाए जायेंगे। जिसमें चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा सेवाएं दी जायेंगी। नोडल अधिकारी एड्स नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. शक्तिसिंह राठौड़ ने कैम्प की जानकारी देते हुए बताया कि यह कैम्प विकासखण्ड पंधाना के सिंगोट में 15 मई को, ग्राम सोनगीर में 17 मई को, कोहदड़ में 19 मई को, सरोला मे 20 मई को, विकासखण्ड पुनासा के मोहद में 21 मई को, मोरघड़ी व मोरटक्का में 22 मई को, मूंदी में 23 मई को, विकासखण्ड हरसूद में 24 मई को, रामपूरी में 26 मई को, छनेरा में 27 मई को, विकाखण्ड छैगांवमाखन के भकराड़ा में 28 मई को, हरसवाड़ा में 30 मई को, विकासखण्ड खालवा के पटाजन में 31 मई को, सावलीखेड़ा में 2 जून को, सेंधवाल में 3 जून को लगाए जायेंगे। जिसमें प्रवासी व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं, शाला त्यागियों, उच्च जोखिम समूह व जनसामान्य को एच.आई.वी., एस.टी.आई./आर.टी.आई., टी.बी., हेपेटायटिस बी की स्क्रीनिंग कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया जायेगा। साथ ही उनकी कांउसलिंग कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति समझाईश दी जायेगी।

किशोर कुमार भवन के संचालन एवं संधारण के लिए आवेदन आमंत्रित

खण्डवा। सचिव संचालन एवं संधारण समिति किशोर कुमार सभागृह खण्डवा द्वारा बताया गया कि किशोर कुमार भवन का 5 वर्ष के लिए संचालन एवं संधारण मासिक किराया आधार पर आउटसोर्सिंग एजेंसी चयन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

समिति द्वारा बताया गया कि भवन के संचालन एवं रखरखाव हेतु न्यूनतम मासिक किराया 50 हजार रुपए होगा, जिसके लिए अर्नेस्ट मनी 10 हजार रुपए जमा करने होंगे।उन्होंने बताया कि निविदा की प्री-बिड मीटिंग 26 मई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10 जून शाम 6 बजे तक है तथा तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि 12 जून 2025 रहेगी।अधिक जानकारी मध्य प्रदेश शासन की वेबसाइट पोर्टल पर उपलब्ध है।

एंजेल्स प्लेनेट स्कूल के विद्यार्थियों ने

कक्षा 10वी और 12वी बोर्ड परीक्षा में परीक्षा में दिखाया दम: प्राप्त हुआ उत्कृष्ट परिणाम

खंडवा। सीबीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणामों में एंजेल्स प्लेनेट स्कूल ग्राम-भंडारिया, खंडवा (म. प्र.) के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और शहर को गौरवान्वित किया है। कक्षा दसवीं में प्रथम माही भावसार 91%, द्वितीय मानस पाटीदार 90%, तृतीय देवांश राठौर 89% , नयनश्री जैन 88.4% ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में प्रथम अवनी अग्रवाल 97त (बायो), द्वितीय परिधि अग्रवाल 89% (मैथ्स), तृतीय रौशन घोष 83.2%(बायो), आशी ओहरी 79.8% (बायो) चतुर्थ स्थान पर रहे। वाणिज्य संकाय में प्रथम अश्विनी गंधे 95.6%, द्वितीय प्रथमेश गोयल 95%, तृतीय रिया तनवानी 94.4% शांभवी पाराशर 94.2% चतुर्थ स्थान अर्जित किया। परीक्षा परिणामों की घोषणा के पश्चात स्कूल परिसर, विद्यार्थियों के परिवार में हर्ष और बधाईयों का माहौल बन गया।संस्था निदेशक श्री रितेश गोयल, श्री प्रमोदपुरी, श्री दर्पण सकलेचा, श्री राधे श्याम अग्रवाल, श्री राकेश गुलाटी,श्री राजेश खत्री,श्री हरिशंकर शर्मा, शाला प्राचार्य श्रीमती डोना इम्स, शिक्षक शिक्षिकाएं- शैफाली गंगराड़े, रेणु मलिक, सुप्रिया घोष, शीनू वर्गिस, सौरभ बाचें, मोहित पटेल, सत्यम खर्चवाल ने सभी विद्यार्थियों की इस विशेष उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

पेंशनर्स समस्या निराकरण एसोसिएशन द्वारा इन्दौर जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त

खंडवा। पेंशनर्स समस्या निराकरण एसोसिएशन समिति, मुख्यालय खण्डवा (पंजीयन क्रं. 22183/19) द्वारा सोसायटी अधिनियम-1973 के विधान एवं नियमावली में दिए गए अधिकारों का उपयोग करते हुए एवं प्रान्तीय कार्यकारिणी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार एवं दिनांक 13/05/2025 को इन्दौर के आजीवन सदस्यों की उपस्थिति में प्रान्तीय अध्यक्ष श्री दर्शनसिंह तलरेजा निवासी खण्डवा द्वारा इन्दौर के पुलिस विभाग से सेवा-निवृत्त पेंशनर श्री दौलतराम चौरसिया निवासी मकान नं. 139 पल्हर नगर, इन्दौर को पेंशनर्स समस्या निराकरण एसोसिएशन समिति का इन्दौर जिले का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर लगभग 35 आजीवन सदस्य उपस्थित थे। श्री चौरसिया द्वारा इन्दौर जिले का जिला अध्यक्ष पद सहर्ष स्वीकार किया गया एवं प्रान्तीय कार्यकारिणी को उनके द्वारा आश्वस्त किया गया कि एसोसिएशन के नियमों एवं कार्य-उद्देश्य के अनुसार इन्दौर जिले के सेवा निवृत्त पेंशनर्स के हित में कार्य करेंगे एवं पेंशनर्स की समस्याओं का निराकरण करवायेंगे। उपस्थित सदस्यों द्वारा श्री दौलतराम चौरसिया को शुभ-कामनाएं एवं बधाई दी गयी। श्री चौरसिया द्वारा म.प्र.शासन के समस्त विभागों से सेवा निवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया गया कि वे पेंशन, कम भुगतान प्राप्त होने आदि से संबंधित अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत करावें ताकि वे समस्याओं का निराकरण करवा सकें।

जोन क्रमांक 3,4 और 6 में नगर निगम खंडवा द्वारा सफ़ाई अभियान चलाया गया

खंडवा। नगर निगम खंडवा द्वारा स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए जोन क्रमांक 3 , 4 और 6 में विशेष सफ़ाई अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत इतवारा बाज़ार एवं ऊँट कुआँ क्षेत्र और इमलीपुरा में व्यापक सफ़ाई कराई गई तथा कचरा पॉइंट हटाए गए।

गुलगुली नाले की सफाई एवं जनजागरूकता अभियान- ब्रह्मणपुरी वार्ड में स्थित गुलगुली नाले की सफ़ाई नगर निगम टीम द्वारा की गई, जिसमें एक ट्राली मलबा निकाला गया। साथ ही नाले के किनारे रह रहे निवासियों को समझाइश दी गई कि वे नाले में कचरा न डालें एवं स्वच्छता में सहभागिता निभाएं।

इमलीपुरा नाले की सफ़ाई- इमलीपुरा क्षेत्र के नाले की भी सफ़ाई कराई गई, जिससे जल प्रवाह में सुधार हो और गंदगी न फैले। यह अभियान नगर निगम की सतत निगरानी और स्वच्छता के लिए किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। नगर निगम खंडवा नागरिकों से अपील करता है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें और कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें।

भव्य कलश यात्रा निकाली

खंडवा। खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में रामनगर रामनगर कॉलोनी खंडवा में चल रही प्रथम दिवस की कथा में श्री वृंदावन से पधारे हुए पंडित बनवारी भाई उपमन्यु जी ने भक्ति एवं ज्ञान वैराग्य के उद्धार की एवं माहात्म्य की कथा को सुनाया प्रातः काल शिव मंदिर से भव्य कलश यात्रा शोभा यात्रा का आयोजन रखा गया कथा के मुख्य यजमान श्री सतीश पटेल एवं उनकी श्रीमती मेघा पाटिल ने दिव्य आनंद के साथ कथा श्रवण की।

पुनासा के हाई स्कूल ग्राउंड में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स प्रशिक्षण हुआ आयोजित

खंडवा। पुनासा के हाई स्कूल ग्राउंड में बुधवार को आपदा प्रबंधन से संबंधित सिविल डिफेंस वॉलिंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें लगभग 103 वालंटियर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत फर्स्ट एड, घरेलू उपकरणों से स्ट्रेचर बनाना ,पेशेंट लिफ्टिंग एंड मूविंग टेक्निक्स, होमगार्ड के उपकरणों का प्रदर्शन, सी.पी.आर., एम.एफआर., आग से बचने के तरीके आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान प्लाटून कमांडर श्री रविंद्र महिवाल, फायर ऑफिसर श्री कार्तिक जैन, डॉ. आलोक भूषण द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में प्रवेश हेतु पंजीयन 31 मई तक

खंडवा 14 मई, 2025 - श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में संचालित 8 ट्रेडों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जिला श्रम पदाधिकारी, खंडवा ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए आवेदक ूपकेकण्उचण्हवअण्पद पर पंजीयन 31 मई तक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट दो वर्षीय पाठ्यक्रम हैं। इसी प्रकार फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम हैं। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

अभद्र व्यवहार करने पर विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग

खंडवां जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रचना जी तिवारी ,, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती हेमलता जी पालीवाल एवं नगर पालिक निगम खंडवा प्रतिपक्ष नेता श्री दीपक जी राठौड़ (मुल्लू भैया) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल के केबिनेट मंत्री विजय शाह के खिला भारतीय सेना की कर्नल सोफिया जी कुरैशी के विरोध में की गई अभद्र एवं अपमानजनक विवादों से भरे बयानों की तीव्र निंदा कर उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने का ज्ञापन महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम खंडवा कलेक्टर को सौंपा जिसे माननीय कलेक्टर की ओर से सहरू खंडवा ने ग्रहण किया ।।* *ऑपरेशन सिंदूर के नाम से आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए अभियान में महिला कांग्रेस हाथ में सिंदूर की डिबिया एवं चूड़ियां लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची जहां भारतीय सेना के पक्ष में एवं विजय शाह के विरोध में नारे लगाए गए ।। स्थानीय भाजपा कार्यालय के पास इंदिरा चौक पर कांग्रेस ने विजय शाह का पुतला दहन कर लातों से अधजले पुतले की कुटाई भी की जिसे स्थानीय पुलिस द्वारा जब्त एवं खींचने पर अधजला पुतला छिन्नभिन्न हो गया जिस पर कांग्रेस मंडली ने पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि माननीय उच्च न्यायालय ने स्व संज्ञान से इस मामले को लेकर इतक्क मध्यप्रदेश को निर्देशित किया है कि भारतीय सेना के विरुद्ध दिए गए बयान एवं सांप्रदायिक सद्भाव के विरोध में विजय शाह के खिलाफ चार घंटे में स्नद्धक्रदर्ज करें ।

जिला चिकित्सालय खंडवा में किया गया डिजास्टर मैनेजमेंट (कार्यशाला) प्रशिक्षण का आयोजन

खंडवा। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के निर्देशन में नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा में नर्सिंग ऑफीसरों एवं अन्य कर्मचारियों के लिए डिजास्टर मैनेजमेंट(कार्यशाला) प्रशिक्षण का आयोजन डीन डॉ. संजय दादू एवं सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमें डिजास्टर मैनेजमेंट नोडल अधिकारी डॉ. रिंकू यादव द्वारा प्राकृतिक आपदा जैसे भूकंप ज्वालामुखी, विस्फोट, तूफान, महामारी, बाढ़, जंगल में प्राकृतिक आग, बिजली गिरना एवं मानव निर्मित आपदा जैसे विस्फोट, परिवहन दुर्घटनाएं, विमान दुर्घटना, ट्रेन दुर्घटना, आग जानबूझकर लापरवाही से लगाई गई हो, वायु प्रदूषण, आतंकवादी हमले, युद्ध, इन दोनों प्रकार की आपदाओं से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। सिविल सर्जन द्वारा आपदाओं से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया तथा सब एकजुट होकर सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट डॉ. रंजीत बडोले एवं सहायक संचालक डॉ. सुनील बाजोलिया, डॉ. शैलेंद्र नगेंश सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

†